Title: Need to ensure commercial utilisation of land belonging to Chandrapura Thermal Power Station and B.T.P.S. under Damodar Valley Corporation- Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, दामोदर घाटी निगम के चन्द्रपुरा थर्मल पॉवर स्टेशन और बीटीपीएस में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति वर्षों से लम्बित है और चन्द्रपुरा थर्मल पॉवर के अन्तर्गत भूमि का अतिक्रमण और भूमि का वाणिज्यिक उपयोग नहीं होने के कारण डीबीसी को प्रत्येक वर्ष करोड़ों रूपये का नुकसान हो रहा है।

इस संबंध में हमने केन्द्र सरकार, डीबीसी प्रबंधन एवं राज्य सरकार को अवगत कराया है, परन्तु मामला वर्षों से लम्बित है।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि डीबीसी में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति एवं भूमि का वाणिज्यिक उपयोग करने हेतु प्राथमिकता के आधार पर आदेश निर्गत किया जाये।